# राजस्थान शिक्षक संघ की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक संपन्न

## शिक्षकों की समस्याओं पर हुआ गंभीर मंथन



**मॉर्निंग न्यूज @ सीकर।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय की प्रदेश कार्यकारिणी बैठक चैत्र शुक्ल त्रयोदशी, संवत 2082 को गुरुवार के दिन जयपुर स्थित इंदिरा गांधी पंचायती राज संस्थान में आयोजित की गई। इस महत्वपूर्ण बैठक में प्रदेश के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र प्रचारक निंबाराम, तथा संघ के प्रमुख पदाधिकारीगणों की गरिमामयी उपस्थिति रही। बैठक की अध्यक्षता संघ के प्रदेश अध्यक्ष रमेश चंद्र पुष्करणा ने की, जबकि प्रदेश संगठन मंत्री घनश्याम, प्रदेश महामंत्री महेंद्र कुमार लखारा एवं प्रदेश सभा अध्यक्ष संपत सिंह भी मंच पर उपस्थित रहे।

बैठक में थर्ड ग्रेड शिक्षकों के प्रमोशन, स्थानांतरण, डीपीसी की प्रक्रिया में विलंब, प्रबोधकों के वेतन विसंगति एवं वरिष्ठ व्याख्याताओं की समस्याओं पर गहन विचार-विमर्श किया गया। प्रदेश अध्यक्ष श्री पुष्करणा ने शिक्षकों की हर श्रेणी की समस्याएं विस्तार से रखीं। मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि सरकार थर्ड ग्रेड शिक्षकों के प्रमोशन को लेकर शीघ्र निर्णय लेने जा रही है। साथ ही उन्होंने विभाग में कार्यरत गैर-उत्तरदायी अधिकारियों को बदलने की भी बात कही। उन्होंने शिक्षकों की समस्याओं को सरकार की प्राथमिकता बताया और सभी मुद्दों के शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया।

बैठक में प्रदेशभर से आए क्षेत्रीय प्रतिनिधियों, संघ पदाधिकारियों एवं विभागीय अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की सफलता में समस्त कार्यकारिणी सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

यह बैठक शिक्षकों की आवाज को नीति-निर्माताओं तक पहुंचाने का एक सशक्त मंच बनी, जिससे राज्य में शिक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में सार्थक पहल की उम्मीद की जा रही है।

## डॉ. हैनीमैन की 268वीं जयंती धूमधाम से मनाई



**मॉर्निंग न्यूज @ सीकर।** धोद रोड पर आज गुरूवार को श्री बद्री नारायण सोडाणी होम्योपैथिक आरोग्य संस्था में होम्योपैथ के जनक डा. हैनीमैन की 268 वीं जयंती धूमधाम से मनाई। चित्र पर पुष्प अर्पित करके दिए गए योगदान को याद किया गया। डॉ प्रमोद कुमार पांडे ने कहा होम्योपैथिक दवाईयां न केवल रोग को जड़ से मिटाती हैं, बल्कि इन दवाओं के सेवन से रोगी का शरीर दुष्प्रभाव से भी मुक्त रहता है। होम्योपैथिक दवाओं को रोग प्रतिरोधक दवा के रूप में इन दवाओं के सेवन से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में मदद मिली है।होम्योपैथी के जनक डॉ. क्रिश्चियन फ्रेडरिक सैमुअल हैनीमैन की जयंती विश्व होम्योपैथी दिवस के दिवस के रूप में मनाया जाता। हर साल 10 अप्रैल को विश्व होम्योपैथी दिवस चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में होम्योपैथी के योगदान को याद करने के लिए मनाया जाता। डॉ प्रमोद कुमार पांडे ने कहा डा. हैनीमैन के योगदान को विश्व कमी भूल नहीं सकता है।वही कार्यक्रम में इस अवसर पर अस्पताल के वरिष्ठ कंपाउंड राजेंद्र कुमार माथुर विनोद कुमार दाधीच महमूद अली कुरैशी राजकुमार जाट सहित प्रवचन उपस्थित रहे।

## भाजपा ने सेवा शिविर में बांटी शीतलता

### महावीर जयंती शोभायात्रा में किया पुष्पवर्षा से स्वागत



**मॉर्निंग न्यूज @ सीकर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित सेवा शिविर के अंतर्गत धार्मिक आयोजनों में शामिल श्रद्धालुओं को शीतल पेय पदार्थ वितरित किए गए। यह सेवा विशेष रूप से महावीर जयंती की शोभायात्रा (जैन समाज) तथा श्री लंकापुरी बालाजी निशान यात्रा के दौरान की गई, जहाँ श्रद्धालुओं को गर्मी से राहत देने हेतु ठंडे पेयों की व्यवस्था की गई। भगवान महावीर की शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा कर उनका भावभीना स्वागत किया गया एवं भगवान महावीर के चित्र पर श्रद्धा-सुमन अर्पित किए गए।

सुभाष चौक, सीकर स्थित इस सेवा शिविर में भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़, जिला महामंत्री राजेश रोलान, पार्षद राहुल बिल्खिवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष गौरव दीक्षित, मंडल अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल, मनोहर टेलर, सुरेन्द्र कुमावत, नरेश सैन, संगीता रुलानिया, वरुण गोस्वामी, प्रदीप जांगिड, श्यामलाल नट, मधुमती कुमावत , सुमन जांगिड़ सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर सेवा दी। पूरे आयोजन में सेवा, श्रद्धा और सौहार्द का अद्भुत संगम देखने को मिला, जिसे स्थानीय नागरिकों व श्रद्धालुओं ने खूब सराहा।

## ज्योतिबा फुले, सावित्री फुले एवं अंबेडकर की प्रतिमा पर की साफ सफाई

**मॉर्निंग न्यूज @ चित्तौड़गढ़।** फिट चित्तौड़ क्लब संरक्षक सांसद सी पी जोशी की पहल पर चलाये जा रहे महापुरुषों की प्रतिमाओ की साफ सफाई, चित्तौड़गढ़ नगर के पार्को की साफ सफाई एवं मोक्षधामो की साफ सफाई अभियान के तहत गुरुवार को प्रातः फिट चित्तौड़ क्लब सदस्यों एवं सर्व समाज के प्रतिनिधियो द्वारा संरक्षक सांसद सी पी जोशी की उपस्थिति में सब्जी मंडी के बाहर साफ सफाई की गई। इस दौरान ज्योतिबा फुले एवं सावित्री बाई फुले की प्रतिमा पर एवं किला रोड़ स्थित बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा को पानी से धोकर साफ सफाई कर माल्यार्पण किया गया। क्लब सचिव मनोज पारीक ने बताया कि सांसद जोशी ने कहा कि सब्जी मंडी के आसपास सफाई बनाए रखना बहुत ज़रूरी है, क्योंकि यह न केवल लोगों की सेहत के लिए बल्कि पर्यावरण के लिए भी महत्वपूर्ण है। सब्जी विक्रेता और ग्राहक दोनों को पॉलीथिन थैलियों का उपयोग कम करना चाहिए और इसके बजाय कपड़े के थैले या अन्य पुन-उपयोग योग्य थैलों का उपयोग करना चाहिये। सांसद जोशी ने क्लब सदस्यों के साथ ठेला विक्रेताओं से अपने आसपास साफ-सफाई रखने और कूड़े को उचित तरीके से निपटाने की भी अपील भी की। उन्होंने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का जितना सम्मान भाजपा की मोदी सरकार के कार्यकाल के दौरान हुआ उतना पहले कभी नहीं हुआ।

## सांसद सीपी जोशी ने अफीम तौल केंद्र का किया निरीक्षण



**मॉर्निंग न्यूज @ चित्तौड़गढ़।** चित्तौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी ने गुरुवार को अफीम तौल केन्द्र का निरिक्षण कर तौल केंद्र पर दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी मनोज पारीक ने बताया कि सांसद जोशी ने विभाग के अधिकारियों व अफीम किसानों से चर्चा भी की। चर्चा के दौरान किसानों ने नीमच में ही जल्दी टेस्टिंग होने व शीघ्र भुगतान प्राप्त होने पर खुशी व्यक्त की। उल्लेखनीय है कि पूर्व में अफीम टेस्टिंग के लिए गाजीपुर जाती थी वंहा पंहुचने व टेस्टिंग होने व भुगतान में समय लगता था अबकि बार सरकार की पहल पर नीमच में ही टेस्टिंग होने व अफीम का शीघ्र भुगतान होने से अफीम किसानो में खुशी की लहर है । अफीम किसानों द्वारा केंद्र की मोदी सरकार द्वारा अफीम नीति में किसानों को राहत देने पर खुशी जताई। साथ ही किसानों के हितों को प्राथमिकता मिलने व सांसद सी पी जोशी के प्रयासों से पुराने कटे हुये पट्टे बहाल होने पर सांसद सी पी जोशी का भी आभार जताया।

## डॉ. अंबेडकर जयंती के अवसर पर शैक्षणिक व साहित्यिक प्रतियोगिताएं आयोजित



**मॉर्निंग न्यूज @ पाटन।** डॉ. भीमराव अंबेडकर मानव कल्याण संस्थान (छात्रावास), नीमकाथाना में भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में विविध शैक्षणिक एवं साहित्यिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों और कॉलेजों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में उच्च प्राथमिक स्तर पर प्रथम स्थान हितेश सैनी (महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, सिरोही) ने प्राप्त किया। माध्यमिक स्तर पर वैभव साई (आकाशदीप पब्लिक स्कूल) प्रथम रहे, जबकि द्वितीय स्थान संयुक्त रूप से सिमरन (सरस्वती पब्लिक स्कूल) और योगेश सैनी (सरस्वती सीनियर सेकेंडरी स्कूल) ने प्राप्त किया। कॉलेज स्तर पर प्रथम स्थान सुमित (शारदा सदन कॉलेज) को मिला, वहीं द्वितीय स्थान संयुक्त रूप से विजेंद्र कुमार व त्रिलोक ने प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में माध्यमिक स्तर पर प्रथम स्थान जतिन राय (आकाशदीप पब्लिक स्कूल) को मिला, जबकि द्वितीय स्थान पर मयंक रछौया रहे। कॉलेज स्तर पर प्रथम स्थान नीतीश कुमार (एसएनकेपी कॉलेज) और द्वितीय स्थान बलदेव गोदारा व मोहित वर्मा (एसएनकेपी कॉलेज) को प्राप्त हुआ।निबंध लेखन प्रतियोगिता में उच्च प्राथमिक स्तर पर हितेश सैनी (महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, सिरोही)ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। माध्यमिक स्तर पर संयुक्त रूप से वंशिका सोनी (सरस्वती पब्लिक स्कूल) और जतिन राय (आकाशदीप पब्लिक स्कूल) प्रथम रहे, जबकि द्वितीय स्थान मयंक रछौया और ईशा कुमावत को मिला। कॉलेज स्तर पर प्रथम स्थान मोहित वर्मा व द्वितीय स्थान राकेश कुमार को प्राप्त हुआ।प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को डॉ. अंबेडकर जयंती के मुख्य समारोह में सम्मानित किया जाएगा। संस्थान के पदाधिकारियों ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## महावीर जयंती पर निकाली शोभयात्रा, विधायक ने किया स्वागत



**मॉर्निंग न्यूज @ चित्तौडगढ।** महावीर जयंती के अवसर पर जैन समाज द्वारा शहर मे निकाली गई शोभा यात्रा का विधायक चंद्रभानसिंह आक्या के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियो व कार्यकर्ताओ द्वारा सुभाष चौक स्थित चित्तौड़गढ़ केन्द्रीय सहकारी बैंक के बाहर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इस दौरान विधायक आक्या ने शोभायात्रा मे शामिल भगवान महावीर स्वामी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए समाजजनों को महावीर जयंती की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर यूआईटी चेयरमेन सुरेश झंवर, पुर्व सभापति सुशील शर्मा, पूर्व उपसभापति भरत जागेटिया, तेजपाल रेगर, शेलेन्द्र झंवर, एडवोकेट ओमप्रकाश शर्मा, अनिल ईनाणी, भोलाराम प्रजापत, नवीन पटवारी, बालकिशन भोई, फतेहलाल भडकत्या, राजन माली, राजेश मोची, कमलेश आमेरिया, गोपाल जाजू, मनीष अब्बानी, अनील भटनागर, मुन्नालाल गुर्जर, जगदीश मण्डोवरा, रवि विराणी, विमला गट्यानी, उषा रांधड़, रेणु मिश्रा, रेखा शक्तावत, मिनु कंवर सोलंकी, रेशमा कहार, ममता चौहान, सुनीता शर्मा, प्रेम कुमावत, दिनेश मुंदड़ा, सुनील लढ्ढा, सुनील रजक, दिपक वर्मा, दिनेश मोड़, राहुल गांछा, रवि मेनारिया, पिनु मेनारिया, गोपाल भाम्बी, कैलाश पायक, राजकुमार तोलम्बिया, चेतन खत्री व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## नेता प्रतिपक्ष अनिल सिंह ने कहा एकतरफा है परिसीमन प्रक्रिया

### उपखण्ड अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**मॉर्निंग न्यूज @ कुचामनसिटी।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं नगर परिषद कुचामन सिटी में नेता प्रतिपक्ष अनिल सिंह राठौड़ ने कुचामन नगर परिषद एवं नावां तहसील में चल रहे परिसीमन कार्य को लेकर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इस प्रक्रिया में एकतरफा निर्णय लिए जा रहे हैं जिससे भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पार्टी के समर्थकों में असंतोष फैल रहा है। अनिल सिंह राठौड़ ने कहा कि नावां तहसील में कुल 63 पंचायतें हैं जिनमें से प्रत्येक 18 पंचायतों पर एक पंचायत समिति का प्रावधान किया गया है। राठौड़ ने मांग की है कि इस व्यवस्था को वर्तमान परिसीमन में भी शामिल किया जाए। उनका मानना है कि इससे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं भाजपा के प्रति आमजन का विश्वास और अधिक मजबूत होगा। राठौड़ ने चिंता जताई कि वर्तमान में जो कार्यवाही की जा रही है वह एकतरफा है और इससे कुचामन नगर परिषद बोर्ड एवं नावां तहसील में भाजपा पार्टी की छवि और व्यापक जनहित प्रभावित हो रहा है।

उन्होंने कहा कि कुचामन उपखंड अधिकारी एवं जिला कलक्टर डीडवाना-कुचामन को पाबंद किया जाए कि वे परिसीमन की प्रक्रिया को कुचामन नगर परिषद एवं नावां सिटी के आयुक्त और उनके अधीनस्थ कर्मचारियों के माध्यम से संपन्न करवाएं। ताकि जनहित में परिसीमन का मूल उद्देश्य पूरा हो सके। क्षेत्रों में नगर परिषद द्वारा कृषि से अकृषि प्रयोजनार्थ 90-ए. सुओमोटो से 90-ए की कार्यवाहियां की जाती रही है और राजस्व प्राप्त करती है, नियम अनुसार इनकी सीमाएं नगर परिषद के क्षेत्र अधिकार और जनसंख्या की गणना भी नगर परिषद क्षेत्र में ही की जानी चाहिए। जबकि इस विषय में कुचामन उपखण्ड अधिकारी से मैंने स्वयं नेताप्रतिपक्ष भाजपा अनिल सिंह राठौड़ , भाजपा जिला महामंत्री खेताराम सिसोदिया एवं भाजपा पार्षद विक्रम राजोरिया ने मुलाकात की तो उपखण्ड अधिकारी ने प्रथम सवाल किया आप कौन हो? मैने उन्हें संबोधित करते हुए कहा में भाजपा का नेता प्रतिपक्ष हूं, तो उनका जवाब आया , हो तो पार्षद ही, तब मैने उन्हें बताया में जिला आयोजन समिति का भी सदस्य हूं तो उन्होंने सवाल किया ये क्या होता है। मेरा आपसे निवेदन है सर्वप्रथम ऐसे अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही की जाए, जो जनप्रतिनिधि का सम्मान न कर सके और खुद की शक्तियों का दुरुपयोग करे। इनके खिलाफ कार्यवाही होनी चाहिए।

## दिपपुरा में दो दिन मनाएंगे हनुमान जन्मोत्सव



**मॉर्निंग न्यूज @ कुचामन सिटी।** देश दुनिया में संकट मोचन भगवान श्री हनुमान जी का जन्मोत्सव मनाने की तैयारियां चल रही है कुचामन शहर सहित ग्रामीण अंचल मे हनुमान जन्मोत्सव हर्षोल्लास और भक्तिभाव से मनाने के लिए तैयारियां जोरशोर से चल रही हैं इस अवसर पर भगवान श्रीहनुमान और राम मंदिरों में विशेष आयोजन किए जाएंगे हनुमान जयंती पर हनुमान मंदिरों में सवामणी व सुंदरकांड पाठ के साथ धार्मिक अनुष्ठान भी किए जाएंगे मंदिरों को खूबसूरत तरीके से सजाया जा रहा है। इसी क्रम मे शहर के समीप स्थित ग्राम पंचायत दीपपुरा के हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव पर दो दिनी कार्यक्रम आयोजन किया जायेगा प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी मंदिर में भंडारे का आयोजन भी होगा मंदिर में हनुमानजी की प्रतिमा का आकर्षक श्रृंगार किया जाएगा। ग्रामिण परसाराम बुगालिया, गोपालराम राठी, भुवानाराम कड़वा, ओकार राम पौषक व पुजारी बनवारी लाल वैष्णव ने बताया की हर बरस की भांति इस बरस भी हनुमान जन्मोत्सव पर दो दिवसीय कार्यक्रम सिरस का बालाजी मंदिर दीपपुरा में हर्ष उल्लास के साथ मनाया जाएगा हनुमान जन्मोत्सव के तहत 11 अप्रैल शुक्रवार को सुबह 8 बजे से रामायण पाठ करवाए जाएंगे उसी दिन सुबह 9.15 बजे कलश स्थापना किया जाएगा।

अगले दिन 12 अप्रैल शनिवार को सुबह हनुमानजी का पंचामृत अभिषेक किया जायेगा जिसके बाद हनुमानजी का मनमोहक श्रृंगार किया जायेगा वहीं पूरे मंदिर परिसर व गर्भगृह को विशेष श्रृंगारित किया जाएगा इसके बाद हवन कुंड में अग्नि प्रज्वलित कर आहुतियां दी जाएगी हवन-यज्ञ की पूर्णाहुति के बाद हनुमान मंदिर परिसर में भंडारा होगा शाम को छप्पन भोग अर्पित कर महाआरती की जाएगी रात्रि में भजन मंडली द्वारा भजन संध्या में भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी।

## तारबन्दी योजना में किसानों को मिलेगा 70 प्रतिशत तक अनुदान

**मॉर्निंग न्यूज @ सीकर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर प्रदेश के उन किसानों को भी अब सरकार की तारबन्दी योजना का लाभ मिलेगा, जिनके पास दो बीघा भूमि है। इससे वे जंगली एवं निराश्रित पशुओं से अपनी फसलों की सुरक्षा का सकेंगे। इस बारे में राज्य सरकार ने आदेश जारी कर दिए हैं। कृषि विभाग द्वारा कटिदार विशाल तारबन्दी योजना के अन्तर्गत वर्ष 2025-26 के लिए जारी दिशा-निर्देश के अनुसार अब एक जगह दो बीघा भूमि होने पर भी किसानों को तारबंदी योजना का लाभ मिल सकेगा। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2025-26 के लिए कांटेदार व चेनलिंक तारबंदी योजना के तहत पूर्व वर्षों में तारबंदी योजना के लिए एक ही जगह न्यूनतम 1.5 हैक्टेयर (6 बीघा) भूमि होना आवश्यक था, लेकिन इस वर्ष विभाग की ओर से जारी दिशा-निर्देशों में व्यक्तिगत एवं समूह में तारबंदी करवाने वाले किसान एक जगह न्यूनतम 0.5 हैक्टेयर (दो बीघा) भूमि होने पर तारबंदी योजना का लाभ लेने के लिए पात्र होंगे। भागीदारी बढ़ाने के लिए समूह में यदि न्यूनतम 10 किसान मिलकर 5 हैक्टेयर (20 बीघा) भूमि में तारबंदी करवाते हैं तो सभी किसानों को 70 फीसदी अनुदान राशि के हिसाब से प्रति किसान अधिकतम 400 रनिंग मीटर लंबाई पर 56 हजार रुपए की अनुदान राशि मिलेगी।